# स्वास्थ्य कारणों और संक्रमण से बचाव के लिए सावधानी अछूत नहीं : किरण खेर

## टीटा पर निकाल गुस्से के गुबार, किरण खेर ने कहा यह उनकी घटिया, छोटी और गलत बात

**सुनील कुमार पांडेय**



**चंडीगढ़।** जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा से जुड़े थे कुलदीप सिंह तब वे अछूत नहीं थे,तो क्या अब आम आदमी पार्टी के मेयर बन कर अछूत बन गए? यह सवाल प्रशासक-सांसद द्वारा मंच पर अपमानित किए जाने के आरोपों पर किरण खेर,चंडीगढ़ भाजपा अध्यक्ष जितेंद्रपाल मल्होत्रा और पूर्व मेयर राजेश कालिया ने मीडिया के समक्ष उठाए। उन्होंने आम आदमी पार्टी और उसके नेताओं के क्रियाकलापों पर जमकर घेरा। सांसद किरण खेर ने तो मेयर के इस आरोप को बेहद घटिया, छोटी और गलत बात करार दिया। काफी समय गंभीर रोग से ग्रस्त रहने के बाद बीमारी से उबरी किरण खेर ने कहा कि स्वास्थ्य कारणों और संक्रमण से बचाव के लिए अगर सावधानी बरती जाए तो क्या है, इस सावधानी को राजनीतिक लाभ के इस्तेमाल के लिए उसे अछूत कहना सही है।

किरण खेर ने कहा कि मुझे बहुत पीड़ा हुई यह सुन कर, मैंने कभी किसी के साथ इस तरह का बर्ताव नहीं किया। हर वर्ग के बीच रहती हूं,सब को समान समझती हूं,इसके अनेक उदाहरण है। खुद कुलदीप सिंह भी जानते हैं,मगर वह अनजान बन रहे हैं,क्योंकि वह खुद ही अपने आपको बच्चा कहते हैं। चंडीगढ़ का मेयर बच्चा नहीं होता और ना ही वह बच्चों को की तरह से रोता है। बात बात पर कुलदीप टीटा को रोने की आदत पड़ गई है। इसलिए मैं तो उसे अब कुलदीप सिंह नहीं,बल्कि रौंदू राम ही कहूंगी,मगर इस रौंदू राम की यह बात सहन नहीं होगी कि वह अछूत शब्द का इस्तेमाल करे। वह जानता है कि एक बड़ा वर्ग भाजपा की कल्याणकारी सोच के चलते उससे जुड़ा है। उसमें अपनी पैठ बनाने के लिए रौंदूराम ने खुद को अछूत कहकर यह प्रपंच रचा है।जिस तरह एलजी से लेकर अपनी ही सरकार के उच्चाधिकारियों और मोदी सरकार को लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल तरह तरह की नाटकबाजी करते हैं,वैसे ही उनकी पार्टी से जुड़े नेता भी करने लगे हैं।

मेयर का पद चंडीगढ़ के विकास के लिए मिला है। वह काम उनसे हो नहीं रहा। आम आदमी पार्टी की सरकार दिल्ली और पंजाब में कर्ज में डूब रही है। सरकार के पास विकास का कोई ठोस प्लान नहीं है। कभी फ्री बिजली और पानी के नाम पर तो कभी पेंशन या अन्य तरह की मुफ्त की रेवड़ी बांटने के नाम पर आम आदमी पार्टी जनता को गुमराह कर सत्ता हथियाने के अवसर तलाशती रहती है। मगर देश की जनता यह समझ चुकी है,उन्होंने मेज पर हाथ मारकर दावा किया कि जो मर्जी कर ले कांग्रेस और आम आदमी पार्टी चंडीगढ़ में मोदी का बंदा ही जीतकर लोकसभा पहुंचेगा।

प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि आम आदमी पार्टी हर जगह कानून व्यवस्था बिगाड़ने का काम कर रही है। जो पार्टी कभी सोनिया गांधी और पवन बंसल को चोर और राहुल गांधी को डाकू कहा करती थी,वह आज उसी के साथ गठबंधन धर्म निभा रही है।आम आदमी पार्टी की यह गलत नीतियां भविष्य में पंजाब और दिल्ली की जनता पर भारी पड़ने वाली है,क्योंकि 80 हजार करोड़ का कर्ज दिल्ली और 70 हजार करोड़ का कर्ज पंजाब सरकार पर चढ़ चुका है। ना पंजाब में विकास हो रहा है और ना ही दिल्ली में। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि पांच साल में आम आदमी पार्टी पंजाब की जनता को कर्ज में डुबो कर जाएंगी। इनके पर पास ना तो कोई योजना है और ना ही इनके रोडमैप का कोई आधार है।

उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि मेयर पर कटाक्ष किया कि वे तो आहलुवालिया को चंडीगढ़ का नया हीरो अहलूवालिया बनाने पर तुले हैं और अहलूवालिया भी डाक्टरी छोड़ सुपर मेयर बनकर कुलदीप सिंह टीटा का इस्तेमाल कर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के नेता भाजपा के विकास का मुकाबला नहीं कर सकती। आम आदमी पार्टी केवल झूठे वायदे कर सकती है। आम आदमी पार्टी की सरकार पंजाब में दावा करती है कि उसने प्रदेश में 40 हजार नौकरियां दी है,लेकिन किसी को नियुक्ति नहीं मिली,अगर मिली है तो आप सरकार को उनकी खुली चुनौती है कि वह इसका ब्यौरा वेबसाइट पर जारी करके दिखाए।वहीं भाजपा सरकार ने अपने शासनकाल में डिलीवरी दी है। जिस देश में अब तक महज 6 आईआईटी थी, वहां अब 18 बन चुकी है। उपाध्यक्ष देवेंद्र बबला, कैलाश जैन, महामंत्री अमित जिंदल, प्रदेश सचिव एवं मीडिया प्रभारी संजीव राणा, प्रदेश सचिव कृष्ण, हुकुमचंद,भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष अमित खेरवाल व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ दिवंगत पत्रकार सरदार संतोख सिंह को श्रद्धांजलि दी

प्रेस वार्ता में सबसे पहले वरिष्ठ दिवंगत पत्रकार सरदार संतोख सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। सांसद किरण खेर ने उन्हें याद करते हुए कहा कि वह उन्हें तब से जानती हैं जब युवा अवस्था में वह बैडमिंटन खेलती थीं। उन्होंने संतोख सिंह द्वारा पत्रकारिता के क्षेत्र में किए गए कार्यों की भी सराहना की।

### आप की सरकार के नेता इन नाटकों को छोड़ कर विकास करें

मैंने सांसद आपके द्वार शुरु किया था, मेयर ने इसे चुरा कर मेयर आपके द्वार शुरु किया है। आम आदमी पार्टी की सरकार के नेता इन नाटकों को छोड़ कर विकास करके दिखाए।किरण खेर ने कहा कि वह आम आदमी पार्टी को भली प्रकार पहचानी है,इसलिए इस पार्टी के नेताओं की बयानबाजी को आज तक गंभीरता से नहीं लिया और ना ही इनकी बातों पर प्रतिक्रिया दी,लेकिन आज मजबूर होकर उन्हें जवाब देना पड़ा है।

# रिवाइज्ड डीसी रेट्स में किए गए भेदभाव के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने डीसी कार्यालय के सामने किया प्रदर्शन

## एडीसी को सौंपा ज्ञापन, आश्वासन के बाद प्रदर्शन किया समाप्त



**सुनील कुमार पांडेय**

**चंडीगढ़ :** इलेक्ट्रिकल वर्कमैन यूनियन के आवाहन पर बिजली कर्मचारियों ने रिवाइज्ड डीसी रेट्स में बराबर ग्रेड पे वाली कैटेगरीज को बराबर बड़ोत्री न देने के विरोध में डीसी कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया तथा माननीय एडीसी अनीशा श्रीवास्तव को रिवाइज्ड डीसी रेट्स में कुछ कैटेगरीज के साथ किए गए भेदभाव के विरोध मे ज्ञापन भी सौंपा। माननीय एडीसी ने अशवाशन दिया कि इस विषय पर जल्द ही मीटिंग की जाएगी तथा डीसी रेट्स मे रह गई त्रुटीयो को दूर किया जाएगा। एडीसी द्वारा दिए गए भरोसे के बाद प्रदर्शन को सथागित कर दिया गया।

कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ गवर्नमेंट एंड एमसी एंप्लॉयज एंड वर्कर्स यूटी चंडीगढ़ के प्रधान सतिंदर सिंह, महासचिव राकेश कुमार, यूनियन के प्रधान किशोरी लाल, चेयरमैन वरिंदर बिष्ट ने कर्मचारियों को संबोधन करते हुए कहा कि 2024-2025 के रिवाइज्ड डीसी रेट्स मे समान कैटेगरीज को समान बड़ोत्री नहीं दे गई इस के इलावा जूनियर टेक्नी शियन इलेक्ट्रशियन, जूनियर टेक्नीशियन लिफ्ट ऑपरेटर, जुनियर टेक्नीशियन डीजी सेट ऑपरेटर तथा जूनियर टेक्नीशियन फायर सेंसेज ऑपरेटर का ग्रेड पे 2400/- है। इस ग्रेड पे वाली सभी कैटेगरीज को रिवाइज्ड डीसी रेट्स 28203/- रुपए दिया गया है।

किंतु इन चार कैटेगरीज को सिर्फ 4 से 5 प्रतिशत की बड़ोतरी दी गई है जो के सरा सर धक्का है। उन्हों ने घोषणा की कि अगर इस भेद भाव को खत्म नहीं किया गया तो संघर्ष को होर तेज किया जाएगा जिस की पूरी जिमेदारी चंडीगढ़ प्रशासन की होगी। मीटिंग को औरों के इलावा कोऑर्डिनेशन कमेटी वाइस प्रेसिडेंट राजिंदर कुमार, सुरिंदर शर्मा,अवतार सिंह,सुखविंदर सिंह, जसपाल चौधरी, गुरप्रीत सिंह,अमृत लाल ,मंजीत सिंह, दीपक कुमार, कुलजीत सिंह,नरेश कुमार ने भी संबोधन किया।

# विकास चनालिया ने अपने गुरु की उपस्थिति में सैकड़ों साथियों सहित भाजपा का थामा दामन

**सुनील कुमार पांडेय**



**चंडीगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा चंडीगढ़ प्रदेश के सदस्य अभियान के अंतर्गत श्री जितेंद्र पाल मल्होत्रा जी प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ और नरेश अरोड़ा जी प्रवक्ता एवं एससी मोर्चा प्रभारी व एडवोकेट अमित खेरवाल जी प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ की मौजूदगी में विकास चनालिया ने अपने गुरु परम पूज्य बाबा देवनाथ जी की मौजूदगी में सैकड़ों साथियों सहित भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा है।

उन्होंने देश के लिए याजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति और भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक देशहित राष्ट्हित और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा भगवान वाल्मीकि जी के नाम पर रामनगरी अयोध्या के हवाई अड्डे का नाम महर्षि वाल्मीकि रखकर भगवान वाल्मीकि जी के अनुयायियों व वाल्मीकि समाज को गौरवान्वित किया और बाबा साहब डॉक्टर बी आर अंबेडकर जी के नाम पर पंच तीर्थ नाम रखकर बाबा साहेब जी को समर्पित कर अर्पित किया इसलिए उन्होंने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा है जितेंद्र पाल मल्होत्रा जी ने सभी को पार्टी का सिरोपा पहनाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण करवाई इस मौके पर महामंत्री हुकम चंद जी अमित जिंदल जी और प्रदेश सचिव कृष्ण कुमार जी प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र लोहत प्रदेश सचिव सुनील सुनील बागड़ी बबलू भारती सोनिया दुग्गल महामंत्री संजय टांक, प्रवक्ता नरेश टांक, सोशल मीडिया प्रभारी रोहित टांक और अन्य प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहे।

# निराश्रित बच्चों को दी जा रही है प्रति माह 1850 की वित्तीय सहायता : डीसी

**यमुनानगर :** डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि जिला में 21 वर्ष तक की आयु का बच्चा जो अपने माता-पिता की सहायता अथवा देखभाल से उनकी मृत्यु होने के कारण, अपने पिता के घर से पिछले 2 वर्ष की अवधि से अनुपस्थित होने के कारण अथवा माता-पिता के लम्बी सजा, जोकि एक वर्ष से कम न हो या मानसिक व शारीरिक अक्षमता के कारण वंचित हो जाते हैं और जिनके माता-पिता, अभिभावक की सभी साधनों से वार्षिक आय दो लाख से अधिक नहीं है। वह बच्चा हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय एवं सहकारिता विभाग द्वारा दी जा रही वित्तीय सहायता का लाभ पात्र है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त विभाग द्वारा एक परिवार में दो बच्चों तक 1850 रुपये प्रति माह प्रति बच्चा पेंशन प्रदान की जा रही है।

# एनसीएफएसई-2023 स्कूली शिक्षा में उत्कृष्टता की दिशा में एक आदर्श बदलाव

## स्कूली शिक्षा में उत्कृष्टता की दिशा में एक आदर्श बदलाव विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

**सुनील कुमार पांडेय**





**चंडीगढ़ :** 'स्कूल शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा-2023~ स्कूली शिक्षा में उत्कृष्टता की दिशा में एक आदर्श बदलाव विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का कॉलेज ऑफ एजुकेशन, सेक्टर 20-डी, चंडीगढ़ में 15 मार्च 2024 को, भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रीय केंद्र पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ द्वारा प्रायोजित का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुई। प्रिंसिपल डॉ. सपना नंदा ने सभी के जीवन कौशल को बढ़ाने के लिए समान और सुलभ शिक्षा पर जोर देते हुए सेमिनार का विषय पेश किया और मुख्य अतिथि- प्रोफेसर संजय कौशिक डीसीडीसी, पी.यू. और मानद निदेशक, आईसीएसएसआर, उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रीय केंद्र, पी.यू., चंडीगढ़ और देश भर से विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि का स्वागत किया।

कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अनुराग सांखियान ने एनईपी 2020 और इसके कार्यान्वयन पर केंद्रित सेमिनार के महत्व को साझा किया। उन्होंने कहा कि सेमिनार का उद्देश्य सभी हितधारकों को विशेष रूप से एनईपी 2020 और एनसीएफएसई 2023 के सफल कार्यान्वयन के लिए अपने नवीन विचारों को प्रस्तुत करने की सुविधा प्रदान करना है। उन्होंने उपस्थित लोगों के साथ दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की रूपरेखा और उप-विषयों को भी साझा किया। प्रोफेसर संजय कौशिक ने अपने उद्घाटन भाषण में बच्चे के शैक्षणिक, मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास के संदर्भ में पूर्ण मनुष्य का निर्माण करने के लिए बच्चे के समग्र विकास पर एनसीएफ के फोकस के बारे में चर्चा की। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि शिक्षक शिक्षा जमीनी स्तर पर एनईपी2020 के लक्ष्यों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन कॉलेज के डीन डॉ. ए.के. श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

इस सेमिनार के तकनीकी सत्रों में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा से संबंधित विभिन्न प्रमुख मुद्दों पर विचार किया गया। पहले तकनीकी सत्र में, प्रोफेसर सुनील दत्त, पूर्व में शिक्षा एवं शैक्षिक प्रबंधन विभाग, एनआईटीटीआर, चंडीगढ़ ने सत्र की अध्यक्षता की। उन्होंने एनसीएफएसई-2023-स्कूल शिक्षा के उद्देश्य और पाठ्यचर्या क्षेत्र, प्रमुख दक्षताएं और सीखने के परिणाम, 5+3+3+4 योजना और संबंधित पाठ्यचर्या संबंधी विषयों पर प्रतिनिधियों को संबोधित किया। दूसरे तकनीकी सत्र की अध्यक्षता रिसोर्स पर्सन श्रीमती गुलशन शर्मा, प्रिंसिपल, भवन विद्यालय, पंचकुला ने की। विषय पर अपने संबोधन में- बुनियादी स्तर पर सीखना, स्कूली शिक्षा के माध्यम से पांच गुना विकास (पंचकोश विकास), सीखने के मानक, सामग्री का चयन, शिक्षण के तरीके और मूल्यांकन (परीक्षा पे चर्चा)।

कॉलेज ने जीआर आईआईडी, सेक्टर 31, चंडीगढ़ के साथ एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए। एनसीएफएसई-2023 में व्यावसायिक, मूल्य-संबंधी और व्यवहार संबंधी (स्वभाव-संबंधी) फोकस के उप-विषयों पर कल दो और तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे, जो एनईपी-2020 के अनुरूप होंगे, एनसीएफएसई-2023 शैक्षणिक चुनौतियों के अनुसार स्कूली शिक्षा में कौशल विकास होगा। स्कूली शिक्षा और स्कूली शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, संवर्धित वास्तविकता और आभासी वास्तविकता के सभी चरणों में; एनसीएफएसई-2023 के अनुरूप शिक्षक शिक्षा; शिक्षा में माता-पिता, परिवार और समुदाय की सक्रिय भागीदारी को सक्षम करना। प्रोफेसर कल समापन सत्र के मुख्य अतिथि होंगे।

सेमिनार के उद्घाटन में देश भर के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एनसीएफएसई-2023 की अवधारणा पर पेपर प्रस्तुत किए। इसके बाद संवादात्मक और प्रेरक चर्चाएँ हुईं। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. श्योजी सिंह द्वारा मुख्य अतिथि, संसाधन व्यक्तियों और प्रतिनिधियों को उनकी गरिमामय उपस्थिति के लिए औपचारिक धन्यवाद प्रस्ताव दिया गया। सेमिनार का आयोजन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सपना नंदा, डॉ. ए.के. श्रीवास्तव डीन (संरक्षक) के कुशल मार्गदर्शन और डॉ. अनुराग सांखैन और डॉ. श्योजी सिंह (कार्यक्रम के संयोजक) द्वारा किया जा रहा है।

# नगर निगम लुधियाना ज़ोन ए पर दर्जा चार मुलाजिमों को समय पर तनख्वाह न मिलने के विरोध में धरना किया प्रदर्शन

**सुनील कुमार पांडेय**

**चंडीगढ़ :** भारतीय समाज मोर्चा की ओर से संगठन के अध्यक्ष रवि बाली की अगुवाई में नगर निगम लुधियाना ज़ोन ए पर दर्जा चार मुलाजिमों को समय पर तनख्वाह न मिलने के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया । धरने की अगुवाई करते हुए रवि बाली ने कहा कि संगठन द्वारा पहले भ धरना लगाया गया था जिसमें पहली बार दो ज़ोनल कमिश्नर जिसमें नीरज जैन और जयदेव सेखों ने आश्वासन दिया था कि जल्द ही मुलाजिमों की तनखूवाह जारी कर दी जाएगी और हर महीने कोई एक तारीख़ भी पक्की कर दी जाएगी जिस दिन मुलाजिमों को तनखूवाह मिल जाए।

दूसरी बार खुद नगर निगम लुधियाना के कमिश्नर संदीप रिशी ने भी यही आश्वासन दोबारा दिया था वो खोखला निकला। इसी लिए इस बार फिरसे हमें रोस ज़ाहिर करना पड़ा। रवि बाली ने कहा कि यदि इस बार भी कोई सुनवाई न हुई तो अगले हफ्ते बड़े स्तर पर नगर निगम लुधियाना के कमिश्नर के आवास स्थान का घेराव किया जाएगा। इस अवसर पर बबलू अनार्य, बोबी चंडालीया, संदीप चौहान, विशाल वडैच, अमन बाली, राज कुमार भट्टी, राकेश टांक, अनिल चौहान, विरू चंडालीया, गोल्डी, राहुल, सनी गहलोत, दर्शन कुमार बबला, अजय पासी आदि और भी उपस्थित रहे।



# पार्षद हरदीप सिंह बुटेरला द्वारा ग्रीन बेल्ट सेक्टर 41 में 'परगोला' का उद्घाटन



**सुनील कुमार पांडेय**

**चंडीगढ़ :** चंडीगढ़ नगर निगम के वार्ड नंबर 30 को हरा-भरा और सुंदर बनाने के चल रहे प्रयासों के तहत सेक्टर 41 की ग्रीन बेल्ट में लगाए गए ÷पेर्गोला÷ का उद्घाटन क्षेत्रीय पार्षद हरदीप सिंह बुटेरला ने किया। उद्घाटन से पहले अरदास भी की गई। लोगों से बातचीत करते हुए पार्षद बुटेरला ने कहा कि वे अपने वार्ड वासियों को अच्छा माहौल देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सेक्टर 41 की पूरी ग्रीन बैल्ट में करीब साढ़े 15 लाख रुपये की लागत से ऐसे दस पेर्गोलस लगाए जा रहे हैं। सैर के लिए आने वाले लोगों के लिए एक सुंदर और आकर्षक दृश्य प्रस्तुत करने के लिए इन पेर्गोलस को फूलों व हरी-भरी बेलों से सजाया जाएगा।


पार्षद बुटेरला ने अपने वार्ड वासियों से वार्ड संख्या 30 को स्वच्छ रखने में सहयोग करने की अपील की इस मौके पर अन्य लोगों के अलावा जे.ई. हरि मोहन, एस. ओ. संजीव कुमार, धनवंत सिंह, हरनाम सिंह, कमलजीत सिंह, राहुल गुप्ता, देविंदर छाबड़ा, गुरप्रीत सिंह, सोनू बावा, प्रदीप मित्तल, गुरबख्श सिंह, चरणजीत सिंह, सुरजीत सिंह, राकेश बाली, नवीन चावला, जगतार सिंह, बसरा, हैप्पु माली करम सिंह आदि भी मौजूद थे।

# हंगामेदार रही पंचायत समिति कनीना की बैठक

## पंस समिति चेयरमैन हलका विधायक तथा वाईस चेयरमैन व बीडीपीओ सहित दो धडों में बटें मेंबर

**राजीव सुल्तानिया**





**कनीना :** पंचायत समिति कनीना की बैठक शुक्रवार को पूरी तरह से हंगामेदार रही। 28 सद्स्यों वाली इस बैठक में चेयरमैन-वाईस चेयरमैन सहित 16 सद्स्य उपस्थित थे। पंचायत समिति कार्यालय में बैठक आयोजित करने बारे पंचायत समिति के कार्यकारी अधिकारी की ओर से बीती 7 मार्च को पत्र जारी किया गया था। जिसमें पिछ्ली कार्रवाई की पुष्टि करने,राषि विवरण तथा अन्य विकास कार्य चेयरमैन की सहमति से करने बारे एजेंडा पारित किया गया था।

बैठक में पंचायत समिति के चेयरमैन जेपी यादव,हलका विधायक सीताराम यादव, वाईस चेयरमैन रमेश कुमार महलावत, डीडीपीओ हरिप्रकाश बंसल, बीडीपीओ अरूण कुमार सहित पंचायत समिति के 16 सद्स्य हाजिर थे। हंगामे की बीच पंस चेयरमैन, विधायक तथा वाइस चेयरमैन एवं बीडीपीओ सहित मेंबर दो धडों में बंटे हुए दिखाई दिए। विडीयोग्राफी के मध्य करीब आधे घंटे चली इस बैठक में कोई नतीजा नहीं निकल सका। माना जा रहा है कि पंस चेयरमैन के हाजिर न रहने के चलते इससे पूर्व 29 जनवरी को आयोजित बैठक में पंचायत समिति सद्स्यों ने वाईस चेयरमैन रमेश महलावत की अध्यक्षता में की थी। जिसमें पंचायत समिति सद्स्यों ने गावों में विकास कार्य को लेकर प्रस्ताव दिए थे। उन प्रस्तावों के मुताबिक करीब 4 करोड रूपये के एस्टीमेट बने थे। पंचायत समिति के खाते में भी करीब 4 करोड रूपये उपलब्ध थे। उक्त कार्यों की टेंडर प्रक्रिया जारी है।

ईधर शुक्रवार को 11 बजे पंस चेयरमैन जेपी यादव की अध्यक्षता में शुरू हुई बैठक में गावों के विकास कार्यों को लेकर एजेंडा शुरू किया गया जिसमें पंचायत समिति के खाते में राशि बारे मालुम किया तो नकारात्मक संदेश मिला। 4 करोड रूपये के ऐस्टीमेट पिछली बैठक में मंजूर किये जाने पर चेयरमैन तथा विधायक ने वाईस चेयरमैन तथा पंस के कार्यकारी अधिकारी की कार्यप्रणाली पर ऐतराज जताया। इस बारे विधायक ने डीडीपीओ एचपी बंसल से पूछा तो उन्होंने उक्त बैठक को विधिसंवत होना बताया। मामला जिला उपायुक्त मोनिका गुप्ता व लोस सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह के संज्ञान में पंहुच गया। अंततः विधायक,चेयरमैन तथा वाईस चेयरमैन व बीडीपीओ के मध्य तनातनी हो गई। बैठक की कार्रवाई विडियोग्राफी के बीच चली। जिसमें कमोबेश कार्यालय की भाषा को दरकिनार कर तू-तडाक की नोबत आ गई। कहने का मतलब मारपीट हुई नहीं ओर बाकी कसर रही नहीं। हंगामेदार रही इस बैठक की चर्चा जिलेभर में हो रही है। काफी कशमकश के बाद बैठक लगभग बेनतीजा रही। बैठक में पंचायत समिति सद्स्या रूबाकुमारी भडफ, दिलबाग पडतल,राजेंद्र भोजावास, उमादेवी बुचावास,भंवर सिंह झगडोली, सुमनदेवी डब्ल्यूसीडी, कृष्ण कुमार कोटिया, मनीता कुमारी सिहोर,प्रवीन कुमार अगिहार, निशारानी छितरोली, नवीन खरकडा बास, सपना धनौंदा,पवन कुमार खेडी, वीरेंद्र स्याणा उपस्थित थे।

इस बारे में बीडीपीओ ने बताया कि डीडीपीओ के आदेश पर बैठक आयोजित की गई थी जिसमें पिछली बैठक की पुष्टि को लेकर गर्मागर्मी हो गई। बैठक में कोई निर्णय नहीं हो सका। हलका विधायक सीताराम यादव ने कहा कि पंचायत समिति की ओर से आयोजित बैठक में विकास कार्यों पर की जा रही थी। जिसमें सद्स्यों ने बजट की मांग की रखी। जिसे लेकर समिति सद्स्य तथा बीडीपीओ उलझ गए।